Notice for an Adjournment Motion

SHRI K. C. VENUGOPAL (ALAPPUZHA): Sir, we have given notice for an Adjournment Motion. ? (*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष **:** आपने किस विषय पर स्थगन प्रस्ताव दिया है?

श्री के**.** सी**.** वेणुगोपाल **(**अलप्पुझा**) :** महोदय, संभल विषय पर स्थगन प्रस्ताव दिया है।?(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** संभल विषय पर बात होगी।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** अभी मैं शून्य काल में देखूंगा।

श्री गौरव गोगोई **(**जोरहाट**) :** महोदय, आप बात नहीं करने देते हैं।?(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** मैंने किस विषय पर बात नहीं करने दी है? मैंने आपसे उस समय भी कहा था, जब माननीय विदेश मंत्री जी बोल रहे थे। मैंने आपके और सदन द्वारा बनाए गए नियम-प्रक्रियाओं का पालन किया है। मैं नियम-प्रक्रियाओं का पालन करता हूं। मैं नियम-प्रकियाओं के बाहर नहीं जाता हूं।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** अगर नियम-प्रक्रियाओं में होता कि सप्लीमेंट्री सवाल पूछ सकते, तो मैं आपको निश्चित रूप से मौका देता।

-

-